# संतकबीर नगर इन्वेस्टर्स समिट में पहुंचे उद्योगपति:1502 करोड़ का करने का लिया फैसला, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार




यूपी के संतकबीर नगर जिले में उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया, इसमें प्रदेशभर के उद्योगपति एवं बड़े व्यापारी शामिल हुए। जिसमें 1000 करोड़ के सापेक्ष 1502 करोड़ का निवेश करने का फैसला उद्यमियों द्वारा लिया गया है। इस कार्यक्रम में पहुंचे सांसद प्रवीण निषाद एवं सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।




**'बड़े-बड़े उद्योगपति कर रहे निवेश'**

इस दौरान कई उद्योगपतियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। सांसद प्रवीण निषाद ने कहा कि भारत में इंडस्ट्री के लिए उत्तर प्रदेश में सबसे अच्छा माहौल बना है, जहां युवाओं को रोजगार मिलने की आस बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन कर उभरा है, जहां अब बड़े-बड़े उद्योगपति एवं व्यापारी निवेश के लिए आ रहें हैं। आज जनपद ही नही पूरे देश एवं प्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट की चर्चा हो रही।

सांसद प्रवीण निषाद ने कहा कि जिले में बंद पड़े उद्योगों को पुनः चालू कराने एवं नए उद्योग का सृजन का पहल जारी है, जिसमें युवाओं को भारी रोजगार मिलेगा। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने कहा कि कहा कि 10वर्ष पहले लोग उ0प्र0 में व्यवसाय नही करना चाहते थे, लोग निवेश करने डरते थे, लेकिन आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देन है कि बड़े-बड़े उद्यमी एवं व्यापारी उत्तर प्रदेश में व्यवसाय करना चाहते है। उन्होने इन्वेस्टर्स समिट में आये हुए सभी उद्यमी

बन्धुओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम उनके व्यवसाय को आगे बढाने में सदैव अपना योगदान देने के लिए तत्पर रहेंगे।



**युवाओं को मिलेगा अधिक रोजगार**

विधायक अंकुर राज तिवारी ने औद्योगिक क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, नाली समस्याओं को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि जनपद के रहने वाले जो भी बड़े निवेशक बाहर अपने व्यवसाय को संचालित कर रहें हैं, उनसे भी संपर्क कर के जनपद में निवेश करने हेतु प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे जनपद के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार हासिल हो सके। इस इन्वेस्टर्स समिट में कुल 53 निवेशकों द्वारा 1502 करोड़ का इन्टेंट फाइल भर कर निवेश हेतु प्रस्ताव दिया गया है।

इस दौरान उद्योगपति विकास केजरीवाल द्वारा 500 करोड़ रुपए का निवेश करने का फैसला लिया गया. इस दौरान अपर जिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविन्द पाठक, विनोद कुमार रूगंटा, निवर्तमान अध्यक्ष नगर पालिका श्याम सुन्दर वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी आर0जी0 तिवारी, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन जे0पी0 तिवारी, जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा,

उपायुक्त वाणिज्य कर गुलाम रब्बानी, ए0आई0जी0 स्टाम्प, जिला उद्यान अधिकारी संतोष दूबे, सहायक आयुक्त उद्योग खुशबू सिंह, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज, व्यापारी नेता श्रवण कुमार अग्रहरी एवं बनर्जी लाल अग्रहरी, अमित जैन, विनीत चड्ढा सहित विभिन्न बैंको के बैंकर्स, सम्मानित उद्यमी आदि उपस्थित रहें।